श्रीमन, मैंने बचपन में देखा था—जब वृद्ध लोगों का निधन हो जाया करता था, तो उन के श्राद्ध के दिन अभागे डोम लालाचित आंखों से उनके दर्वाजे की ओर देखते रहते थे, ताकि जो झूठा बचा हुआ भोजन बचे उसको ले सकें। अभी कुछ दिन पहले मुझे देहात में एक श्राद्ध में जाने का अवसर मिला। मैंने देखा कि एक मासूम बच्चा और उसकी वृद्ध अभागी मां पानी में भीगते हुए झुठे पत्तलों की ओर देख रहे थे। यह स्थिति आज भी तीस वर्ष की आजादी के बाद है—बतलाइये, आप ने कौन सा काम किया है।

आप जाइये—छोटा नागपुर में—आदिवासियों की जमीन को हड़प लिया गया है, आज उनके पास बसने के लिए घर भी नहीं है। आपने आवासीय-जमीन का पर्चा उनको दे दिया है लेकिन दूसरी तरफ़ जो तथाकथित जमीन का मालिक है, उसने उन पर सिविल केस दायर कर दिया है, दीवानी मुकदमा लड़ते-लड़ते वह आदिवासी थक कर गिर पड़ा है फ़िर भी उसके साथ न्याय नहीं होता है। इसका कारण क्या है? क्या कभी आपने इस पर विचार किया है। मैं आप से पूछना चाहता हूं—आप ने कानून बना दिया है. . .

गृह मन्त्री (श्री चरणसिंह) : तिवारी जी, वे जो उधर बैठे हैं, इसका जवाब देंगे।

श्री रामानन्द तिवारी : मैं जानना चाहता हूं—आप ने देहातों में बैंकों द्वारा ऋण दिये जाने का ऐलान किया—लेकिन क्या किसी हरिजन और आदिवासी को ऋण मिलता है? उनको शादी विवाह और किसी चीज के लिए भी ऋण नहीं मिलता क्योंकि महाजन उन्हें ऋण नहीं देते। आज वह हरिजन कर्ज के लिए तड़पता है और उसे कर्ज नहीं मिलता। बैंक से आप ने उसको ऋण देने के लिए क्या व्यवस्था की है? एक तरफ़ तो आप ने उसका दरवाजा बन्द कर दिया, बड़े लोग ऋण नहीं देते लेकिन दूसरी तरफ़ आपने उसको ऋण देने की कोई व्यवस्था नहीं की है। आप ने इस तरह का कानून बना दिया, यह तो ठीक किया क्योंकि पहले उसका शोषण होता था और अगर वह 100 रुपये ले लेता था तो 25, 30 और 40 वर्ष तक उससे वह वसूल किया जाता था। आप ने इस चीज को बन्द कर दिया अच्छा किया लेकिन उसके ऋण के लिए भी कोई व्यवस्था होनी चाहिए। इस तरह की कोई व्यवस्था नहीं की गई, यह मैं निश्चित रूप से कहना चाहता हूं और हम आशा करते हैं कि जब हमारी जनता पार्टी की सरकार और हमारे गृह मंत्री जी इस तरह की व्यवस्था करेंगे कि इन अभागे हरिजनों और आदिवासियों को ऋण सुलभ हो और कम से कम सूद उनसे लिया जाए।

इसके बाद मैं आपसे यह निवेदन करना चाहता हूं कि सस्ते गल्ले की दुकानें इन हरिजनों और आदिवासियों के लिए खुलवाने की आप व्यवस्था करें क्योंकि वे समाज के सब से दबे और निचले स्तर के लोग हैं। हम जानते हैं कि माननीय गृह मंत्री जी इस मामले में सचेत हैं, जागरूक हैं लेकिन मैं पुनः उनसे निवेदन करना चाहता हूं कि उनकी तरफ़ आपको ज्यादा ध्यान देना चाहिए और उन सस्ते गल्ले की दुकानों पर न सिर्फ गेहूं और चावल आदि ही दिया जाए बल्कि तेल, डालडा, दालें और माचिस

[श्री रामानन्द तिवारी]

और मोटे कपड़े की व्यवस्था भी की जाए। मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि आज तो उन बेचारे लोगों को मोटा कपड़ा भी सुलभ नहीं होता है। मोटे कपड़े की व्यवस्था की गई है या नहीं, यह मैं नहीं जानता लेकिन देहात में जो खेतिहर मजदूर है, जो हरिजन और आदिवासी हैं, उनके बदन पर कपड़ा नहीं है। आज आप वहां जा कर देखें तो पायेंगे कि उन को अपना बदन ढकने के लिए और ओढ़ने के लिए भी कपड़ा नहीं है। आज कुंभी-पाक नर्क और दोखज की बात कही जाती है लेकिन मेरा यह अनुभव है और मैं जानता हूं कि इन लोगों के लिए तो नर्क यहीं पर है। आज करीब भूमिहीन हरिजन और आदिवासी फटे पुराने मैले कुचैले कपड़ों में ही अपने दिन गुजारता है और उन के मासूम बच्चों के लिए भी कपड़े नहीं है। जब जाड़े के दिनों में कड़ाके की सर्दी में रात को बच्चा पेशाब करता है तो उसकी अभागी मां उस पेशाब से भीगे कपड़े को सुबह सूखने के लिए डाल देती है और रात को उसी को ओढ़ती है। इस से बढ़ कर नर्क की कल्पना और क्या हो सकती है। आज हिन्दुस्तान की 22 प्रतिशत आबादी इस कुंभीपाक नर्क और दोखज में रह रही है। हमारा ध्यान इस तरफ़ जाना चाहिए। 30 वर्ष तक कांग्रेस सरकार ने उस तरफ़ कोई ध्यान नहीं दिया है और अब हमारा यह कर्तव्य है कि हम उन की तरफ़ ध्यान दें। मेरा निजी अनुभव है और मैं व्यक्तिगत रूप से जानता हूं बिहार प्रान्त में विशेषकर भोजपुर और शाहबाद जिलों में नक्सलाइटस के नाम पर दर्जनों हरिजनों को परेशान किया गया और उन के खिलाफ़ लूट का कलंक लगाया गया। मैंने खुद उस की जांच की है और इस बारे में स्टेटमेंट दिया है और लिखा-पढ़ी भी की। वहां मजदूरी बढ़ाने की बात है। जिन मजदूरों का शोषण होता आ रहा है और हजारों वर्षों से होता आ रहा है वे जब अपने अधिकारों की मांग करते हैं तो उनको गोली मार दी जाती है नक्सलाइट कह कर। जो यह समझते हैं और ठीक भी है कि उनको धोखे में रखा गया है, जो यह समझते हैं कि हम पददलित हैं, हमारी किस्मत में भगवान ने यही लिख दिया है और जो इस तरह से रह रहे हैं उन में आज जागृति आ रही है, खेतिहर मजदूरों, हरिजनों आदिवासियों में चेतना आ रही है, वे सचेत हो रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि कम से कम उनको दो जून मोटा अन्न खाने के लिए दिया जाए, मोटा कपड़ा पहनने के लिए दिया जाए और रहने के लिए थोड़ी बहुत जमीन दी जाए। इसका परिणाम क्या हो रहा है? दस वर्ष से जो नक्सलाइटस की बात कही जाती रही है, ऐसा इनको घोषित करके गोली मार दी जाती रही है। जो हरिजन खड़ा हो कर मांग करता था कांग्रेसी राज्य में उसको पुलिस गोली मार देती थी। भोजपुर जिले में आज भी यही हालत है कि सात आठ आदमी जो हरिजन थे उनको निर्ममतापूर्वक मार दिया गया है; इस तरह से दर्जनों मारे गए हैं। मैं विस्तार में जाना नहीं चाहता हूं। हम नहीं चाहते हैं कि देश में हिंसा हो, बहुत बड़ी क्रांति हो। अभी एक जनक्रांति हुई है मानव जाति के इतिहास में। यह क्रांति महात्मा बुद्ध और महात्मा गांधी के बताए हुए मार्ग पर चल कर आज तीस वर्ष के बाद हुई है। जनता पार्टी के हाथ में राज्य आया है। हमें पूर्ण विश्वास है कि जनता पार्टी की सरकार सब से पहले इन दीन दुखिया गरीब हरिजनों आदिवासियों आदि को कम से कम मनुष्य बनाने का प्रयास करेगी, जिन को भर पेट खाना नहीं मिलता है उन्हें खाना देने की व्यवस्था करेगी।

आप लैंड सीलिंग एक्ट को लें। आपात स्थिति और उसके पहले भी कांग्रेस सरकार ने बहुत प्रचार किया था और बहुत आंकड़े दिए गए हैं कि कितनी जमीन भूमिहीनों को दी गई है। उसने कहा था कि जो फालतू जमीन निकलेगी वह इनको दी जाएगी और कितनी दी गई है इसके आंकड़े भी वह सरकार समय समय पर देती रही है। मैं बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश की स्थिति आपके सामने रखना चाहता हूं। बार बार इस बात का प्रचार किया गया कि वहां जमीन बटेगी, जमीन उसकी होगी जो जमीन पर हल चलाता है, जो जमीन पर खेती करता है। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। 1949 में पूज्य महात्मा गांधी जी ने उत्तर प्रदेश में वहां उन से ताल्लुकेदार मिले थे और जिस से आदरणीय हमारे गृह मंत्री जी अच्छी तरह से परिचित हैं उस मीटिंग में उन्होंने कहा था ताल्लुकेदारों की जमीन का बटवारा करो, तुम्हारे काम से अधिक यदि तुम्हारे पास जमीन है तो उस जमीन को तुम भूमिहीनों को दे दो। इस पर ताल्लुकेदारों ने कहा था कि मान लो कि यह जो जमीन हमारी है, हम नहीं देते हैं तो इस पर महात्मा गांधी ने क्या कहा था कि स्वेच्छा से नहीं दोगे तो एक दिन ऐसा आएगा जब भूमिहीन जो खेती करते हैं, जो अधपेट रहते हैं वे बगावत करेंगे और बगावत करके उस जमीन पर अधिकार कर लेंगे। मैं नहीं चाहता हूं कि देश में हिंसा हो, खून की नदियां बहें। इसलिए मैं आपसे निवेदन करता हूं कि आप पांच सात काम तत्काल करने की व्यवस्था करें।

पहला काम तो यह है कि हर हरिजन और आदिवासी मुहल्ले में आप सस्ते गल्ले की दुकान खोलें जैसे मैं बता चुका हूं जहां पर कपड़ा आदि सब चीजें सुलभ हों।

जहां पर मिनिमम मजदूरी निर्धारित की गई है उसको गृह मंत्री जी चाहें तो उस पर दोबारा विचार करें और उस में उचित समझें तो संशोधन करें और अगर वह यह समझते हैं कि वही रहनी चाहिए तो मैं निवेदन करूंगा कि उसको कार्यान्वित कराने की वह व्यवस्था करें, सख्ती से उसको कार्यान्वित कराएं। जो मिनिमम मजदूरी नहीं देता है उसको केवल जुर्माना ही नहीं देना पड़े बल्कि उसको सख्त से सख्त सजा दिलाने की व्यवस्था की जाए।

आज जो हरिजनों और आदिवासियों को छात्रवृत्तियां दी जाती हैं वे समय पर नहीं मिलती हैं और जो मिलती हैं व बहुत ही कम हैं। इसलिए उस में वृद्धि की जाए और समय पर दिलाने की व्यवस्था की जाए।

सबसे ज्यादा लज्जा की बात यह है कि तीस बरस से कांग्रेस हकूमत ने भी जो यह व्यवस्था की थी इनके लिए सरकारी विभागों में नौकरियां सुरक्षित की जाएं, उनको भी किसी भी विभाग में और किसी भी कलास में एक से लेकर चार तक पूरा नहीं किया गया है। इन हरिजनों और आदिवासियों के लिए जो कोटा निर्धारित किया गया है उसको पूरा किया जाना चाहिए। आप देखें कि सरकार के किसी भी विभाग में चाहे रेलवे हो, आरक्षी विभाग हो, न्यायपालिका हो या कोई और विभाग हो कहीं भी उन्हें कोटे के हिसाब से स्थान नहीं दिए गए हैं। मेरा गृह मंत्री जी से निवेदन है कि वह उसे अविलम्ब पूरा करें, जो कमी है उसकी तुरन्त पूर्ति करवाएं और इनका कोटा पूरा करने के बाद ही और लोगों को भरती किया जाए।

[श्री रामानन्द तिवारी]

एक अन्तिम बात मैं यह कहना चाहता हूं कि समान अवसर की बात जो की जाती है वह एक धोखा है। समान अवसर से इनका उत्थान होने वाला नहीं है। मान लें किसी को आपने सवारी के लिए घोड़ा दे दिया और वह दौ सौ मील की स्पीड से दौड़ता है और इनको भी दे दिया और इनको दौ सौ मील पीछे खड़ा कर दिया और ये पीछे हैं ही तो ये कभी भी उसके बराबर नहीं आ सकेंगे। ये चार सौ मील जाएं और दूसरे दौ सौ मील जाएं तब काम चल सकेगा और तब उस स्थिति में समान अवसर का कुछ महत्व हो सकता है। स्वर्गीय डा० राम मनोहर लोहिया ने इसका बहुत अच्छी तरह से अध्ययन किया था और कहा था कि ये हरिजन, आदिवासी पिछड़े हुए लोग जो सदियों से शोषित रहे हैं, पीड़ित रहे हैं, जिन को हम ने मानव नहीं बनने दिया है, इन्सान नहीं बनने दिया, इनके लिए यदि समान अवसर की बात की जाती है तो यह एक धोखा है, यह एक पाखंड है। यह नाटक है। इसलिए इन्हें विशेष अवसर देने की बात डा० लोहिया ने सुझायी थी। मैं गृह मंत्री जी से आशा करता हूं कि इन पिछड़े हुए लोगों को, हरिजनों और आदिवासियों के लिए आप विशेष अवसर दें जैसा डा० लोहिया ने कहा था कि कम से कम कुछ दिनों तक 60 प्रतिशत स्थान इनके लिए सुरक्षित रखो और अविलम्ब इसकी पूर्ति करो। विशेष अवसर देने की बात जो डा० लोहिया ने कही वही मैं आज सदन में कहना चाहता हूं। यह किसी पार्टी की बात नहीं है, पार्टी पौलिटिक्स की, राजनीति की बात नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र की बात है। क्योंकि जिस राष्ट्र के ललाट पर कलंक का यह टीका रहेगा, जिस गांधी जी ने कहा आजादी के बाद इस कलंक को मिटाओ तब तक हम अपने को स्वतन्त्र नहीं समझ सकते हैं। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि जब तक भारत में यह कलंक का टीका रहेगा हम अपने को स्वतन्त्र नहीं समझेंगे। इसलिए इस कलंक के टीके को धोने के लिए आपको डा० लोहिया की बात माननी चाहिए।

यह कह कर मैं विश्वास करता हूं कि पूरा का पूरा सदन सरकार का साथ देगा और जनता पार्टी की सरकार विशेष अवसर देने पर विचार करेगी, चिन्तन करेगी। और जब तक ऐसा नहीं होगा तब तक कुछ होने वाला नहीं है। यहां कह कर मैं बैठ जाता हूं।

SHRI KRISHNA CHANDRA HALDER (Durgapur): Mr. Deputy Speaker, Sir, I will speak in Bengali.

*Sir, the preamble of the Constitution of India conveys the solemn resolve of the makers of the Constitution to secure to all the citizens of India, justice, social, economic and political. This was what we had promised to the nation when after long years of fight we attained our political freedom and it is time that we ponder and look back to see how far and how best we were successful in implementing this solemn resolve Even after 30 years of independence we have 20 per cent of the population who belong to the scheduled castes and schedule tribes, who have no social equality, no political and no economic equality *vis a vis* the rest of the population of the country. It is a blot on our nation. It is a stigma and a matter of national shame. A great multitude of these unfortunate

*The original speech was delivered in Bengali.

people live in the villages who are agricultural workers, bonded labour, share croppers, petty peasants, factory labourers, mine workers and men the class IV posts of the Municipalities and other local bodies. If we go to the villages we will find that they are victims of feudal atrocities, where the big landlords exploit them in every conceivable manner. And when we come to the cities we find the same exploitation being continued and this time by the capitalists.

15.00 hrs.

Sir, the House is currently discussing the 21st, 22nd and the 23rd reports of the Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes. The reports deal with the different problems that are being faced by the members of Scheduled Castes and Scheduled Tribes and some of the important aspects which have been discussed are (i) untouchability, (ii) cases of atrocities and harassment, (iii) indebtedness and bonded labour, (iv) land—agriculture and forest and (v) employment. Despite the efforts of the erstwhile Government who were in ower for 30 long years, a hurried study of the reports in are now here near our goal and we are no where near our goal and we have not succeeded in creating an impressive dent in to the massive problem that confronts us. As I have said we have failed to raise the standard of living of these peoples in any substantial way nor we have been able to eradicate the social ills which have a strangle hold on them. The reasons are not far to seek because the 20th report of the Commissioner gives the reasons for the unsatisfactory progress of the schemes for the welfare of scheduled castes and scheduled tribes which are as follows:

1. General lack of a sense of urgency on the part of those responsible for the implementation of the scheme;
2. Insufficient financial provision for the welfare schemes due to low priority accorded in the various five-year plans; and
3. Lack of people's participation in the implementation of the schemes particularly due to the lukewarm attitude in this respect on the part of the political parties and want of revolutionary urge and zeal on the part of social workers.

It is indeed regrettable that such a human problem did not gain and nor could create a sense of urgency among the erstwhile rulers nor could they make suffiicent funds available for the schemes and finally they failed to enthuse the people to take up the job of eradicating the social ills in a befitting manner. The net result of all these is the pitiable position in which we have allowed the 20 per cent of our population to languish and rot.

Many hon. members of his House have narrated the banes of untouchability and the sufferings of the cheduled castes and scheduled tribes population of our country but I cannot resist mentioning a few. At page 2 of the 21st report a grim account of atrocities appear. In village Saharsa in Bihar 4 scheduled castes ladies were stripped naked and branded with red hot iron sickle all over their bodies by a large number of non-scheduled caste population and the only crime that these 4 scheduled caste ladies had committed was that they wanted to carry drinking water from a well which was in the locality inhabited by the non-scheduled castes people. An hon. member from Maharashtra has already said about the case where two scheduled caste women had to suffer the abject humilation of being stripped naked before the landlords and his servants for trying to fetch drinking water from a particular well in the village in the district of Prabhani in Maharashtra. Again in Maharashtra in the village of Aurangabad 12 innocent scheduled

[Shri Krishna Chandra Halder]

caste persons died because they were forced to drink polluted water from a well because the local caste Hindus did not allow them to take drinkable water from their well. I can go on narrating such instances of atrocities. The hon. Home Minister is present in the House. Even in the State of U.P. the report says that discrimination has been found existing against scheduled cases constables in the district police lines in the matter of messing facilities. Yesterday while taking part in the discussion an hon. Member from U.P. had stated how on flimsy excuses a harijan youth in a village near Ghaziabad was beaten and tied to a tree and was burnt and roasted like a pig by hanging him over the burning fire

SHRI CHITTA BASU (Barasat): The Home Minister should listen to these incidents.

SHRI KRISHNA CHANDRA HALDER: Sir the Congress Government had enforced emergency in this country and during this period the Government had initiated a 20-point programme to help the landless labourers but far from helping them the programme in effect instigated and infuriated the landlords who treated the harijans with such cruelty that many died and I would with your permission, Sir, quote a few lines from the Times of India dated the 26th June 1977 which *inter alia* says, in Bihar only, "In 1976, upto September, as many as 57 harijans, adivasis and members of minority communities were done to death. There is a record number of 1133 atrocities on these groups." The sume paper gives accounts of two more incidents which I would like to tell you Sir, Dev Kumar Majhi, aged 23, worked some where in Punjab and had gone to his village Gajiapur in Ekma thana of Saran district in Bihar for securing a patta for his homested lands. After he secured the *patta* the landlords beat him up mercilessly and even district magistrate twice suggesting that Majhi suspected a threat to his life but nothing was done and on October 27, Majhi's body was found lying besides the railway track near Ekma railway station. In village Malawan, in Obrakhana the labourers had gone on strike in July 1976. In fact it was an agitation by the agricultural labourers who were demanding better wages. The strike was organised by Sheopujan Ram, a young harijan and an unemployed graduate. The strike was broken by the land owners by getting labourers from adjoining villages. Sheopujan thought of establishing a factory which could give employment to many unemployed labourers of his village. As a member of the weaker section he applied for bank loan but the day before Sheopujan was to draw the loan from the bank he was murdered in cold blood and his body was cut into pieces by a sharped edged weapon and was scattered all round his hut. One of Sheopujan's son was also attacked and injured. In its issue dated 27th July, 1977 gives a full account how the harijans were attacked by rich landlords by knives, spears and axes and even women and children were not spared. The news report says that rich landlords of Chino Egirala village in Kirshna district attacked Harijan agricultural workers on Saturday last. On Harijan worker, Maddula Subbarao, was killed on the spot and 42 others including women were injured. On investigation it was found that landlords had been terrorising the agricultural workers for quite some time because the workers were cultivating a piece of banjar land and had won the lease right on that land from the Government. There are many more such sordid incidents which are occurring almost every day in our country and if we are not told about it it is because they are not being reported of the effected persons are threatened to silence. Sir, the time at my disposal is short and I will not go into the details of such incidents but I would like to emphasise that if we really

dition of the

down trodden people belonging to the scheduled castes and scheduled tribes, then the first imperative step that should be taken is with regard to land reform. Unless this is done the lot of the landless agricultural labourers who are mostly scheduled caste people cannot be improved. With your permission, Sir, I would like to quote from p. 85 Chapter 5 of the 20th report. Speaking about the ownership of land the report *inter alia* says that it "not only improves the economic condition of a person but it also raises his social status. This is one of the important reasons why we find so much land hunger among the scheduled castes and scheduled tribes. As pointed out in earlier reports the incidence of landlessness is more pronounched in the case of these communities as compared to general population." Today the exploited, tortured and opporessed masses of the scheduled castes and scheduled tribes are trying their best to find a place in the national life and the feudal lords with connivance of the authorities are suppressing this struggle. It is a matter of great national shame that such incidents of atrocities continued to be repeated and the Government looks helpless or indifferrent towards it. The hon. Members have already mentioned how the students belonging to the scheduled castes and scheduled tribes are being discriminated against in the matter of admission to medical and engineering colleges, how the reservations made in class I, II and III services of the Central Government are not being fulfiled and I would not like to go over this issue it will amount to repetition. Sir, the hon. Shri A. K. Roy has given notice of a substitute motion. In his motion he has stated that Government should set up suitable machinery to stop planned elimination of the harijans and adivasis from employment in the collieries after nationalisation and to declare the percentage of scheduled castes and scheduled tribes in the colliery employment on the date of nationalisation as the datum level. Sir, when the collieries near Dhanbad were nationalised, the percentage of workers belonging to the scheduled caste and scheduled tribes was nearly 60 per cent whereas the present strength of such workers is only 43 per cent. This rightly shows how the poor illiterate harijans and adivasis are being pushed out of employment slowly but surely and it is very necessary that we should safeguard their interests by restoring their employment figures to prenationalisation date. This is a very good suggestion and I trust the Government will come forward to accept it for implementation

There has been no perceptable improvement in the life style of the harijans and adivasis of our country who are struggling their est to carve out a place for themselves in the national life and in fact during the past 30 year their agonies have aggravated. The problem has to be viewed as a national problem and has to be tackled at the national plane rather than as a programme of a particular political party. We cannot solve it by taking a piece meal action. It is the result of social feudal and capitalist exploitation. Mere caste struggle and elimination of caste system will not be enough, we have to take multi pronged actions. Class struggle is the only way for solution. We have to introduce land reform. We have to give the tribal people a legitimate right in the forest. In the district of Bankura, some forest land was cleared by the tribals and they had established themselves on these lands and were carrying on cultivation. Unfortunately, the Congress Government did not think kindly of the matter and they were evicted. Fortunately, however, the present Government of West Bengal have initiated action to rehabilitate them. Along with this it is also very necessary that the surplus land should be distributed among such people—a matter which has been soft peddled all through by the earlier Congress Government. To raise the living standards of such people mere fixation of

[Shri Krishna Chandra Halder]

minimum wages will not do because this is often not being implemented and it is therefore necessary that suitable machinery should be created to effect proper implementation of the scheme. Along with free homestead land free education upto college level for scheduled caste and upto post-graduate level for scheduled tribes should be ensured. But without basic change in our social, political and economic norms of our society this laudable objective cannot be solved For this it is very necessary that suitable changes should be made in the Constitution and we have to implement all welfare schemes for these neglected people with remarkable boldness and without any sense of hesitation. The problem of oppression and exploitation of the scheduled castes and scheduled tribes cannot be solved in isolation by a cast struggle but it should be tackled under a a united struggle of toiling masses in villages, towns, in factories and in the fields. We have to change the society and change the Constitution. We have to socialise all means of production and this will end casteism and exploitation. Let us therefore make a determined bid in creating a casteless and a classless society. And with these words I conclude my speech.

श्री शरद यादव (जबलपुर) : उपाध्यक्ष महोदय यह जो अनुसूचित जातियों की रिपोर्ट आई है इस पर अधिकांश लोगों ने कई तरह से अपने विचारों को व्यक्त किया है। कई तरह के सवाल उठाये गये हैं लेकिन मेरी मान्यता यह है कि जो रिपोर्ट आई है—इस तरह का प्रयास इस देश में मुझे प्राचीनतम लगता है। पिछली सरकार का भी प्रयास इसी तरह का था और उसी के तेहत ये प्रयास किये जा रहे हैं। गांधी जी के सामाजिक आन्दोलन के चलते हिन्दुस्तान में लोगों को कुछ शर्म आई और उन्होंने अपने दिमाग में यह जो कलंक है उस पिछड़े वर्ग के प्रति एक मरी हुई सहानुभति जाहिर करने की कोशिश की। तो यह मरी हुई इच्छा है और यदि यह मरी हुई इच्छा न होती तो शायद इस देश में परिवर्तन की धारा जिस पाप से ये सारे रोग निकलते हैं उस पाप की समाप्ति के लिये शायद क्रान्तिकारी कदम जरूर उठाये जाते।

22 सैकड़ा का जो सवाल लोगों ने उठाया है आदिवासी हरिजन और दबा हुआ पबका 22 सैकड़ा है—मेरा इस सम्बन्ध में निवेदन है कि इन 22 सैकड़ा आदमियों को इतना नीचे गिराने के लिये हिन्दू समाज में जिस दिन भी इस बात की रचना हुई होगी उस दिन सब से पहले कुछ लोगों के स्वार्थ के कारण आधी महिलाओं की गुलामी जोड़ी गई होगी। इन दबे हुए लोगों की आबादी 22 सैकड़ा नहीं हैं इस देश की आधी औरतें भी उसमें शामिल हैं इस देश की जाति-व्यवस्था इस देश का कोढ़, पाप जिसमें ये सारे सवाल पैदा होते हैं, उस आबादी को पैदा करने के लिये जब महिलाओं को गुलाम बनाया गया उसकी योनि के साथ चरित्र को जोड़ कर बांधा गया उस दौर में इन 22 सैकड़ा आदमियों को नीचे की ओर दबा दिया गया। मेरा निवेदन है कि ये 22 सैकड़ा आदमी जो आज दबे हुए हैं कुचले कहे जाते हैं वे आधी महिला की गुलामी को जोड़ कर दबाये गये और कुचले गये। इस तरह से जोड़-घटा करने पर आपको मालूम होगा कि 80 सैकड़ा आदमियों को पिछले पांच हजार सालों में पैदा किया जा रहा है मुर्दा बनाया जा रहा है। यानी 80 सैकड़ा आदमी ऐसे हैं—जिन में न कोई महापुरुष हुआ, न कोई वैज्ञानिक पैदा हुआ, न लेखक पदा हुआ और न बुद्धिजीवी पैदा हुआ और न कोई कवि पैदा हुआ।

तो मेरा यह तर्क है कि 80 सैकड़ा आबादी जो है, उसको 5 हजार वर्ष से पैदा करके कब्र का नजराना दिया है और इस रोग से इस देश की जो लम्बी गुलामी है, वह जुड़ी हुई है और आदिवासियों और हरिजनों का सवाल इस देश की सम्पूर्ण तकदीर के साथ जुड़ा हुआ है। यह देश जब गुलाम हुआ तो हम लोग आत्म चिंतन करें कि कैसे गुलाम हुआ।

इस के इतिहास में अगर हम जाएं तो पायेंगे कि 12 सैकड़ा आदमी ऐसे थे जिनको लड़ने की आजादी थी और वे थे क्षत्रिय। उन 12 प्रतिशत क्षत्रियों में से आधी महिला निकल गईं और चार प्रतिशत बच्चे और बूढ़े निकल गये। इस तरह से केवल 2 प्रतिशत ही जवान आदमी थे। उनमें जवानों को देश की रक्षा के लिए लड़ना था। उस समय टेक्नोलाजी और विज्ञान में भी इतनी बड़ी उन्नति नहीं हुई थी कि बंगाल का जो नौजवान था वह खैबर के दर्रे तक पहुंच जाता या दक्षिण का जो लड़ने वाला नौजवान था वह खैबर दर्रे में पहुंच सकता। मैंने गणित में गुणा-भाग करके देखा है कि उस समय .05 प्रतिशत इस पूरे देश की आबादी इस पूरी कौम की आबादी का हिस्सा ही युद्ध में लड़ रहा था। उस समय का युद्ध बाजुओं का युद्ध था। उपाध्यक्ष महोदय, यदि हम आत्म चिन्तन करें तो पायेंगे कि इतनी टूटी और इतनी कमजोर कौम को गौरी और गजनी न मारता तो कोई दूसरा मारता। इस तरह से हमारे देश में गुलामी आई। सोमनाथ मंदिर के बारे में जो लोग मुसलमानों के खिलाफ़ भड़काया करते हैं, वे कभी अपनी नालायकी पर और कमजोरी पर नहीं रोते हैं और अपने पापों की ओर कभी नहीं देखते हैं। उन्होंने ही हमें गुलाम बनाया है। हम गुलाम नहीं होते अगर इस तरह की बातें न होतीं। इतिहास में शायद ही दुनिया की कोई कौम इतने लम्बे समय तक गुलाम रही हो जितनी कि भारत की हिन्दू कौम गुलाम रही है। मेरा जो इतिहास का ज्ञान है, उसकी बिना पर मैं यह कह सकता हूं कि कोई दूसरी कौम इतने लम्बे समय तक गुलाम नहीं रही। और यह गुलामी कहां से आई? इस जाति व्यवस्था से और हरिजनों को जो तोड़ कर मरोड़ कर दबाया गया उससे ही इस गुलामी का जन्म हुआ है।

आधी औरतों को हम ने गुलाम बनाया है और एक जाति को गुलाम बनाने के लिए जाति व्यवस्था जिम्मेदार है। आप इतिहास को देखें सावित्री ने क्या किया। वह अपने पति को मौत से वापस ले आई और उसको इतिहास में बहुत बड़ा चरित्र माना गया। द्रोपदी जोकि सारे महाभारत में सबसे होशियार औरत थी उसको हमारे भारत में सब से छोटा चरित्र माना गया। द्रोपदी को वह मान नहीं मिला जो सावित्री को मिला। सावित्री को इस देश की नारी का प्रतीक माना गया। यह हमारे दिमाग़ की खराबी थी। अभी श्यामा शर्मा का केस हुआ और मुझे लगता है कि वह इन्हीं के सड़े दिमाग़ की उपज है। इसलिए उपाध्यक्ष महोदय, मेरा कहना है, मेरा दावा है कि हमारी गुलामी इसी हरिजन वाले सवाल से पैदा हुई है, दबे हुए लोगों से पैदा हुई है।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि यह जो तानाशाही थी जो कल गुजर गई, जो पराजित हो गई यह तानाशाही भी इस जाति की चक्की चलते चलते पिसते पिसते और जाति व्यवस्था की मुकड़न से पैदा हुई थी बड़ी घातक थी। आजादी की लड़ाई में जिन लोगों ने हिस्सेदारी की थी जिन परिवारों की हिस्सेदारी थी उन तमाम परिवारों के लोग हा 30 वर्षों तक इस देश की गद्दी पर बैठे रहे। कांग्रेस के जो मेरे भाई उधर बैठे हैं वे ग़लतफहमी में न रहें। आजादी की लड़ाई में जो परिवार अगुवा थे उन्होंने ही 30 वर्षों तक राज्य किया। लोग इसको तानाशाही कहते थे लेकिन मैं सोचता हूं तो पाता हूं कि यह जो तानाशाही थी यह बड़ी कमजोर और निकम्मी तानाशाही थी और इसकी बहुत ही मरी हुई तबियत थी और जिस तरह की सड़ी हुई व्यवस्था है उसी तरह की यह तानाशाही थी। तो उपाध्यक्ष महोदय, इस चाक की चक्की और पहियों के चलते चलते यह खानदानशाही चली और आजादी की लड़ाई में जिन खानदानों की दुहाई दी जाती थी, उन्हीं खानदानों का देश में राज्य चला। देश खानदान से लेकर प्रदेश खानदान हुआ; जिला खानदान हुआ

[श्री शरद यादव]

और गांव खानदान हुआ और उन्होंने ही 30 वर्षों तक राज्य चलाया। इसके लिए मैं थोड़ा सा उदाहरण दे दूं। राष्ट्रीय खानदान, देश खानदान जो था, वह मोतीलाल नेहरू, जवाहरलाल नेहरू, इन्दिरा गांधी और संजय गांधी का था। अब उत्तर प्रदेश में आप चले जाइए, तो पंत साहब, कमलापति त्रिपाठी और लोकपति त्रिपाठी का खानदान है, जिनका आज बयान भी आया है। अब आप बंगाल में चले जाइए, तो वहां पर सिद्धार्थ शंकर राय है जोकि श्री चितरंजन दास के नाती हैं।

आप बिहार में चले जायें। ललित नारायण मिश्र और उनके भाई श्री जगन्नाथ मिश्र। उनके खानदान के और कौन-कौन लोग थे इसको बिहार के लोग ज्यादा अच्छी तरह से जानते होंगे। मैं अपने प्रदेश की बात अब आपको बतलाता हूं। वहां पर पंडित रवि शंकर शुक्ल थे। फिर विद्या चरण शुक्ल, फिर श्यामा शरण शुक्ल। पिछली असेम्बली में उनके खानदान के, समधी आदि कुल मिला कर 25-27 एम० एल० ए० थे। जिस शहर से मैं जीत कर आया हूं जबलपुर जहां पर डा० गोविन्द दास, जगमोहन दास और मनमोहन दास, जो मेरे खिलाफ खड़े हुए थे उनके नाती रविमोहन दास शहर स्तर पर, जिला स्तर पर, ब्लाक स्तर पर आप देखें तो आपको खानदानशाही का राज ही है यह चीज देखने को मिलेगा। यह खानदानशाही पैदा कैसे हुई, यह राज रोग कैसे पैदा हुआ। परिवार के मोह से यह पैदा हुआ है। इस मोह के कारण ही लोग पाप करते हैं। श्रीमती इंदिरा गांधी को दोष न दिया जाए। हिन्दुस्तान के खून में ही यह बात शुरू से चली आई है। अपने परिवार के लिए मोह लोगों का चला आ रहा है। उत्तर भारत का सर्वेक्षण डा० मोहन सिंह जो सोशल साइंसिस में डाक्टर हैं, उन्होंने किया था। उत्तर भारत की जेलों में जो लोग भ्रष्टाचार के आरोप में बन्द हैं उनसे उन्होंने भेंट की और उनमें से 92 सैकड़ा आदमियों ने यही बताया कि उसको बेटे की शादी के लिए, लड़की की शादी के लिए, भाई की शादी के लिए पैसे की जरूरत थी और उसको भ्रष्टाचार करना पड़ा। परिवार के मोह मे ही यह चीज पैदा हुई है। अब आप देखें कि परिवार का मोह कहां से पैदा हुआ।

यह पैदा होता है औरत और महिला को पुरुष द्वारा गुलाम बनाए जाने से। महिलाओं को गैर बराबरी का दर्जा दिया गया। लेकिन वास्तव में दोनों का दिमाग बराबर है। यह चीज आज की साइंस और टैक्नालाजी ने सिद्ध कर दी है। महिला और पुरुष के दिमाग में कोई अन्तर नहीं है। लेकिन हिन्दुस्तान की महिला को गुलाम बनाया गया और बाद में यह चक्की चली मोह वाली। एक पुरुष की सम्पूर्ण जिन्दगी में, सोशल जिन्दगी में एक लाख लोगों के सम्पर्क होता होगा लेकिन एक महिला का पूरी जिन्दगी में दो तीन हजार आदमियों से ही होता होगा। बुद्धि और विवेक दोनों में ये बराबर हैं यह चीज जर्मन साइंटिस्ट ने अभी अपने रिसर्च के आधार पर सिद्ध की है। दिमाग सब से ज्यादा बढ़ता है मैन टू मैन कांटेक्ट से। जितनी उससे ब्रेन की फैसिलिटी बढ़ती है उतनी किसी दूसरी चीज से नहीं। महिलाओं का जो सम्पर्क था उसको हमने सिकोड़ा। जब हमने उसको सिकोड़ा और महिलाओं के ऊपर जुल्म किए तो उसने समाज के ऊपर, अपने परिवार के ऊपर अपना लाड उड़ेल दिया और उसने समाज को सिकोड़ कर समाज में हर प्राणी के मोह और प्यार को अपने बेटे, बेटी, बीवी में सिकोड़ कर रख दिया।

मैं कभी-कभी विचार करता हूं कि तुलसीदास जी और कबीर दास जो एक साथ पैदा हुए, तुलसीदास जी की रामायण तो रातों रात चल गई और कबीर दास जो इतने बड़े क्रान्तिकारी थे उनका नाम तक कोई नहीं लेता है। उसमें भी यह राज रोग, यह प्यार

ोग चूंकि भर दिया गया इस वास्ते उनको सब याद करते हैं और याद करके रोते हैं। उस रोग के ऊपर उन्होंने अपना ग्रन्थ लिखा। दशरथ को याद किया जाता है तो अपने बाप को याद कर रोते हैं। कभी तुल ीदास की रामायण को याद करके कोई नहीं रोता है। भरत और राम का किस्सा चलता है, सीता और राम का किस्सा चलता है तो भाई और पत्नी को याद करके आदमी रोता है, या आनन्दित होता हैं। इसलिए वह जो ंन्थ था वह रातों रात प्रचलित हो गया। कहने का मतलब यह है कि देश का यह सब रोग, मानस स्थिति, पाप, सब चीज आज भी उसी तरह से चल रही है। कांग्रेस पार्टी चली गई जनता पार्टी आई गई यह नई बोतल और पुरानी शराब वाली बात है। शराब को नहीं बदला गया है। जिसके पेट में दर्द है वही जब तक देश का नेता ऊपर आ कर नहीं बैठेगा या उसको नहीं बिठाया जाएगा कभी भी देश में कोई भी क्रान्तिकारी काम नहीं हो सकेगा, यह मेरा दावा है। देश में किसी भी प्रकार का कोई परिवर्तन नहीं हो सकेगा इस तरह से आंसू बहाने से, इस तरह के भाषण दे देने से और यह कह देने से कि यह सुविधा इनके लिए बढ़ाई जाएं, पैसा इनको दिया जाए। आज तक करोड़ों रुपया आपने इन पर खर्च किया है लेकिन कितना हरिजन वैलफेयर आप कर सके हैं, उस कौम के मन में कितना आपने उत्साह भरा है? सब से बड़ी बात यह है कि क्रान्ति का जब कभी बिगुल बजेगा तो वह खेतीहर मजदूर, हलवाहा, हरिजन आदि जब यह सोच लेगा, आदिवासी सोच लेगा, पिछड़ा वर्ग सोच लेगा कि जुल्म इस देश की जमीन से निकला है, जुल्म इस देश में इस देश के लोगों ने उस पर किया है, वह भी इंसान है, उसको भी जीने का और इज्जत के साथ जीने का हक है, तब ही इस देश में कोई रेवोल्यूशन या कोई क्रान्ति सफल हो सकेगी। इसके बगैर कितने ही पैसे आप दे दें सब चर जायेंगे, सब खा जायेंगे और यहां आ कर आप घड़ियाली आंसू बहायेंगे और उसका कोई नतीजा नहीं निकलेगा। यह इसलिए मैं कह रहा हूं कि तीस साल तक हमारे देश में वोट की राजनीति चली है और इसका जो पाप है वह हम को भुगतना होगा। यदि आपने उनके पेट के दर्द को महसूस नहीं किया उसका उपचार न ीं किया, उनकी मानस स्थिति को ऊंचा नहीं उठाया तो आप याद रखें कि एक एक पाई, एक-एक छदाम आपको चुकाना होगा, देना होगा।

तो मेरा कहना है कि जो रुपया खर्च किया जाता है, सारी चीजें खर्च की जाती हैं, यह सारी चीजें जो हैं वह सब इस देश के बदमाश लोग ले लिया करते हैं। कांग्रेस पार्टी ने 30 वर्ष में क्या किया ? उसने हरिजनों और आदिवासियों के वोटों की खरीददारी के चलते इस देश की हरिजन कौम को एक चीचड़ बनाया और कई तरह के कमल उगाये हर प्रदेश में, और तमाम हरिजनों की कीचड़ पर 30 वर्ष तक इस देश की राजनीति चलायी है। माननीय जगजीवन राम के नाम पर कांग्रेस वालों ने सरकार चलायी। आपने 30 वर्ष तक उनके नाम पर हरिजनों को धोखा दिया है। यह जो रिपोर्ट आयी है इस रिपोर्ट के चलते. . .

उपाध्यक्ष महोदय : माननीय यादव जी, अब आप सोमवार को बोलियेगा।

We have now to start the non-official business.

Mr. Nirmal Chandra Jain.

15.30 hrs.

COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS' BILLS AND RESOLUTIONS

FOURTH REPORT

SHRI NIRMAL CHANDRA JAIN (Seoni): Sir, I beg to move:

"That this House do agree with the Fourth Report of the Commit-